डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

(पूर्ववर्ती: आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांक : प्रशा०/349 /2024 दिनांक : 15/07/2024

सेवा में,

1. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान, डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।
2. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक/अधीक्षक/प्रभारी आवासीय संस्थान, डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।
3. अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।

विषय : प्रदेश में वृक्षारोपण अभियान के अन्तर्गत वर्ष 2024–25 में कराये जाने वाले वृक्षारोपण के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के पत्र संख्या : 1677/सत्तर–3–2024 दिनांक 13 जुलाई, 2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ जन अभियान–2024 के अन्तर्गत पौध रोपड़ किया जाना है। उक्त के क्रम में मा0 कुलपति जी के निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक सम्बद्ध/संघटक महाविद्यालय द्वारा न्यूनतम 500 पेड़/वृक्ष लगाना अनिवार्य है।

वृक्षारोपण अभियान के अन्तर्गत पौधों की प्राप्ति के लिए सम्बन्धित प्रभागीय वनअधिकारी/प्रभागीय निदेशक से सम्पर्क किया जा सकता है। जिन्हें महाविद्यालय/विभाग के भीतर, बाउन्ड्री वॉल के चारो तरफ (अन्दर/बाहर) तथा अन्य स्थान का चयन कर रोपित किया जा सकता है।

वृक्षा रोपण से सम्बन्धित शासन स्तर से दिये गये दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायें।

संलग्नक : यथोक्त।

कुलसचिव

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1. अधीक्षक–कुलपति सचिवालय, मा० कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. वित्त अधिकारी/परीक्षा नियंत्रक।
3. प्रो0 रजनीश अग्निहोत्री, नोडल अधिकारी, वृक्षारोपण।
4. प्रो0 रामवीर सिंह, प्रभारी, राष्ट्रीय सेवा योजना को सहयोग प्रदान करने हेतु।
5. उप कुलसचिव, प्रशासन।
6. प्रभारी वेब–साइट को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को समस्त महाविद्यालयों की लॉगिन में अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
7. गार्ड फाइल।

कुलसचिव

बैठक दिनांक 15.07.2024 को मध्याह्न 12:00 बजे वर्चुअल बैठक

संख्या-1679 /सत्तर-3-2024

प्रेषक,

शिपू गिरि,
विशेष सचिव,
उ०प्र० शासन।

सेवा में,

1. निदेशक,
उच्च शिक्षा, उ०प्र०,
प्रयागराज।

2. कुलसचिव,
समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय,
उ०प्र०।

3. समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,
उ०प्र०।

उच्च शिक्षा अनुभाग-3 लखनऊ : दिनांक 13 जुलाई, 2024

विषय: मा० मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, उ०प्र० शासन की अध्यक्षता में दिनांक 15.07.2024 को मध्याह्न 12:00 बजे "पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ" जन अभियान-2024 के अन्तर्गत उच्च शिक्षा विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 में 18.54 लाख पौध रोपण किये जाने के सम्बन्ध में वर्चुअल बैठक।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि "पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ" जन अभियान-2024 के अन्तर्गत उच्च शिक्षा विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 में जनसहभागिता से 35.00 करोड़ किये जाने वाले पौध रोपण के सापेक्ष 18.54 लाख पौध रोपण किये जाने के सम्बन्ध में मा० मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, उ०प्र० शासन की अध्यक्षता में दिनांक 15.07.2024 को मध्याह्न 12:00 बजे वर्चुअल बैठक आहूत की गयी है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त वर्चुअल बैठक में सुसंगत सूचनाओं के साथ निर्धारित तिथि/समय पर प्रतिभाग करने का कष्ट करें बैठक का लिंक निम्नवत् है:-

Join Zoom Meeting
https://us02web.zoom.us/j/88443684551?pwd=jWOInX1c4ZJLud8jGzAAbjTGRM5dP.1
Meeting ID: 884 4368 4551
Passcode: 669166

भवदीय,

(शिपू गिरि)
विशेष सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- निजी सचिव, मा० मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
2- निजी सचिव, मा० राज्य मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
3- निजी सचिव, प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ०प्र० शासन।
4- निजी सचिव, समस्त विशेष सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ०प्र० शासन।
5- अपर सचिव, उ०प्र० राज्य उच्च शिक्षा परिषद, लखनऊ।
6- समस्त संयुक्त सचिव/उप सचिव/अनु सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ०प्र० शासन।
7- समस्त अनुभाग अधिकारी, उच्च शिक्षा विभाग, उ०प्र० शासन।

आज्ञा से,

(शिपू गिरि)
विशेष सचिव।

संख्या– 1677 /सत्तर–3–2024

प्रेषक,

त्रिपु गिरि,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

कुलसचिव,
समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय
उत्तर प्रदेश।

उच्च शिक्षा अनुभाग–3 लखनऊ: दिनांक 13 जुलाई, 2024

विषय: प्रदेश में वृक्षारोपण अभियान के अन्तर्गत वर्ष 2024–25 में कराये जाने वाले वृक्षारोपण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि "पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ" जन अभियान–2024 के अन्तर्गत उच्च शिक्षा विभाग द्वारा वर्ष 2024–25 में जनसहभागिता से 35.00 करोड़ किये जाने वाले पौध रोपण के सापेक्ष 18.54 लाख पौध रोपण किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

2– उल्लेखनीय है कि उच्च शिक्षा अनुभाग–3 के कार्यालय ज्ञाप सं0–670/सत्तर–3–2024, दिनांक 22.04.2024 द्वारा "पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ" जन अभियान–2024 के अन्तर्गत निदेशक उच्च शिक्षा, उ0प्र0, प्रयागराज को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

3– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि निदेशक उच्च शिक्षा, उ0प्र0, प्रयागराज से समन्वय स्थापित करते हुए "पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ" जन अभियान–2024 के अन्तर्गत वर्ष 2024–25 में जनसहभागिता से विश्वविद्यालय में किये जा रहे वृक्षारोपण की अद्यतन स्थिति से दिनांक 15.07.2024 तक उच्च शिक्षा अनुभाग–3 की ई–मेल आई0डी0 hesection.3@gmail.com पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक–यथोक्त

भवदीय,

(त्रिपु गिरि)
विशेष सचिव।

प्रेषक,

शिक्षा निदेशक,(उ0शि0)
डिग्री विकास अनुभाग
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज ।

सेवा में,

1- कुलसचिव,
समस्त राज्य/ निजी विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश ।
2- समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश ।

पत्रांकः डिग्री विकास/ 452 /2024-25 दिनांक- 05/06 /2024
विषयः-वर्ष 2024-25 के वृक्षारोपण लक्ष्यों के निर्धारण के सम्बन्ध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया इस पत्र के साथ संलग्न शासन के पत्र संख्या 1229/सत्तर-3-2024-दिनांक- 03 जून, 2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें वर्ष 2024-25 के वृक्षारोपण लक्ष्यों के निर्धारण के सम्बन्ध में है। शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि वर्ष 2024-25 में समस्त विभागों का समावेश करते हुए जनहभागिता से विगत वर्ष 2023-24 के भाँति वृहद स्तर पर उच्च शिक्षा विभाग को आवंटित लक्ष्य 18.54 लाख पौधे का रोपण हेतु निर्देशित किया गया है।

उक्त के क्रम में शासन का पत्र संलग्न कर इस आशय से प्रेषित है कि पत्र का भली-भाँति अवलोकन करते हुए दिये गये दिशा निर्देश के आधार पर कार्ययोजना एवं अनुपालन आख्या 03 कार्यदिवस में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नक- उक्तवत् ।

भवदीय,
05/6/24
डॉ0(अपर्णा मिश्रा)
संयुक्त निदेशक,(उ0शि0)
कृते शिक्षा निदेशक,(उ0शि0)
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज ।

पृष्ठांकन संख्या डिग्री विकास/ 452-53 / उसी तिथि को।

उपर्युक्त की प्रतिलिपि- उप-सचिव, उत्तर प्रदेश शासन , उच्च शिक्षा अनुभाग 03, लखनऊ को शासन के पत्र संख्या- 1229/सत्तर-3-2024-दिनांक- 03 जून, 2024 के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित ।

डॉ0(अपर्णा मिश्रा)
संयुक्त निदेशक,(उ0शि0)
कृते शिक्षा निदेशक,(उ0शि0)
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज ।

महत्वपूर्ण / समयबद्ध

संख्या–1229 / सत्तर–3–2024

प्रेषक,

एस0पी0मिश्र,
उप सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
उच्च शिक्षा उ0प्र0
प्रयागराज।

उच्च शिक्षा अनुभाग–3 | लखनऊ : दिनांक 03 मई, 2024

विषय : वर्ष 2024–25 के वृक्षारोपण लक्ष्यों के निर्धारण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या–161/81–5–2024 दिनांक 24.05.2024 की छाया प्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुये मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रश्नगत प्रकरण में मुख्य सचिव महोदय द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए अनुपालन आख्या शासन को 01 सप्ताह में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय,

(एस0पी0 मिश्र)
उप सचिव।

04/6/24

Shot on OnePlus
Powered by Quad Camera

I/567845/2024

प्रमुख सचिव कार्यालय में प्राप्त दिनांक 28/5/24

महत्वपूर्ण

संख्या-161/81-5-2024

प्रेषक,

दुर्गा शंकर मिश्र,
मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

संख्या 6275/VIP PSHED/2024

सेवा में,

1. समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।
2. समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।
3. समस्त प्रभागीय वनाधिकारी/प्रभागीय निदेशक, उ0प्र0।
4. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनु0-5 लखनऊ: दिनांक: 2? मई, 2024

विषय : वर्ष 2024-25 के वृक्षारोपण लक्ष्यों का निर्धारण।

महोदय,

प्रदेश की हरियाली में संवर्द्धन, बढ़ते प्रदूषण पर नियन्त्रण तथा पर्यावरण सन्तुलन बनाये रखने हेतु प्रदेश सरकार के संकल्प की अपेक्षानुसार उत्तर प्रदेश राज्य वन नीति-2017 के प्रस्तर 2 एवं 4 में हरित आवरण में वृद्धि हेतु जनान्दोलन के माध्यम से वृक्षारोपण को बढ़ावा दिया है। राज्य वन नीति में व्यापक स्तर पर जन सामान्य विशेषकर महिलाओं, विद्यार्थियों, कृषकों, दिव्यांगों, दृष्टिबाधित, पूर्व सैनिकों, समाज के अलग जाये वाले व्यक्तियों एवं वनों के समीप रहने वाले समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से अग्रसारित कार्य को जन सहभागिता अभियान के रूप में मनाये जाने का प्राविधान है।

2. भारतीय वन सर्वेक्षण, देहरादून द्वारा प्रकाशित अर्धवार्षिक द्विवार्षिक वन स्थिति रिपोर्ट-2021 के अनुसार प्रदेश के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 9.23 प्रतिशत क्षेत्र वनावरण एवं वृक्षावरण से आच्छादित है, जिसमें वर्ष 2015 के सापेक्ष वृक्षावरण तथा वनावरण में समेकित रूप से कुल 79,400 हे0 (वनावरण में 41,700 हे0 एवं वृक्षावरण में 37,700 हे0 वृद्धि) की वृद्धि परिलक्षित हुई है। इस वृद्धि का मुख्य कारण सफल वृक्षारोपण गतिविधियाँ तथा वन संरक्षण हेतु किये गये प्रयास हैं।

3. शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि वर्ष 2024-25 में समस्त विभागों का समावेश करते हुये जन सहभागिता से वर्ष 2023-24 की भाँति वृहद स्तर पर 35.00 करोड़ पौधों का रोपण किया जाय।

4. वर्ष 2024-25 हेतु 35.00 करोड़ पौधों के रोपण के विभागवार लक्ष्य निम्नानुसार निर्धारित किये जाते हैं:

(पौध संख्या लाख में)

क्र0सं0	विभाग का नाम	2024-25
1	2	3
1	पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग	
	(i) वन एवं वन्यजीव विभाग	1260.00
	(ii) पर्यावरण विभाग	139.96
2	ग्राम्य विकास विभाग	1259.15
3	राजस्व विभाग	105.60
4	पंचायती राज विभाग	127.98
5	आवास विकास विभाग	5.38
6	औद्योगिक विकास विभाग	7.73
7	नगर विकास विभाग	34.97
8	लोक निर्माण विभाग	12.93
9	जल शक्ति विभाग	13.41
10	रेशम विभाग	14.19
11	कृषि विभाग	250.73
12	पशुपालन विभाग	7.28
13	सहकारिता विभाग	5.60
14	उद्योग विभाग (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग)	9.55
15	ऊर्जा विभाग	5.60
16	शिक्षा विभाग	
	(i) माध्यमिक शिक्षा	7.83
	(ii) बेसिक शिक्षा	12.43
	(iii) प्राविधिक शिक्षा	5.06
	(iv) उच्च शिक्षा	18.54
17	श्रम विभाग	2.69
18	स्वास्थ्य विभाग	10.91
19	परिवहन विभाग	2.53
20	रेलवे विभाग	12.66

क्र0सं0	विभाग का नाम	2024-25
1	2	3
21	रक्षा विभाग	4.95
22	उद्यान विभाग	155.56
23	गृह विभाग	7.00
	कुल-	3500.00

5. विभागवार एवं जनपदवार लक्ष्यों का निर्धारण : प्रदेश में वर्ष 2024-25 में 35 करोड़ पौधों के रोपण हेतु विभाग/जनपदवार लक्ष्य परिशिष्ट-1 के रूप में संलग्न है।

6. वन महोत्सव एवं पौधरोपण लक्ष्य की प्राप्ति : प्रत्येक वर्ष की भांति वन महोत्सव माह जुलाई के प्रथम सप्ताह में 01 जुलाई से 07 जुलाई तक मनाया जाय तथा रोपण लक्ष्य की पूर्ति हेतु जिलावार/विभागवार/ग्राम पंचायतवार /शहरी निकायवार इस प्रकार कार्ययोजना तैयार की जाय कि वृक्षारोपण का लक्ष्य वृक्षारोपण हेतु निर्धारित तिथि तक शत प्रतिशत प्राप्त हो सके।

7. वृक्षारोपण लक्ष्य की प्राप्ति हेतु निम्नानुसार रणनीति निर्धारित की जाती है :

7.1 वृक्षारोपण हेतु स्थल चयन की सामान्य नीति:

(क) पौध रोपण हेतु वन भूमि, सामुदायिक भूमि व अन्य राजकीय भूमि की सीमित उपलब्धता के दृष्टिगत कृषि एवं अन्य निजी भूमि पर भी कृषि वानिकी मॉडल तथा कृषकों की इच्छानुसार सम्बन्धित विभागों द्वारा प्रजाति के पौधों का रोपण कराया जाय।

(ख) जनपदों में गंगा नदी, यमुना नदी एवं गंगा तथा यमुना नदियों की सहायक नदियों के साथ-साथ अन्य मुख्य नदियों एवं पोषक जलधाराओं के पुनरोद्धार हेतु उनके किनारे वृक्षारोपण तथा अन्य भूमि संरक्षण कार्य कराया जाय।

(ग) नदियों के पुनरोद्धार हेतु पोषक नालों के किनारे भी वृक्षारोपण कार्य कराया जाय।

(घ) प्रदेश में ग्राम सभा की चारागाह भूमि एवं जनपद में स्थापित गोवंश शेल्टर में उपलब्ध रिक्त भूमि पर चारा प्रजातियों का रोपण प्राथमिकता के आधार पर किया जाय।

(ङ) प्रदेश के शहरीय क्षेत्रों में वायु प्रदूषण को कम करने तथा जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने हेतु घने वन/मियावाकी पद्धति से वन स्थापित किया जाय।

7.2 ग्रामीण क्षेत्रों में वृक्षारोपण की रणनीति

(क) ग्राम पंचायतवार माइक्रोप्लानिंग: प्रदेश व्यापी वृक्षारोपण अभियान की मूल इकाई ग्राम पंचायत निश्चित की गयी है।

- "सबकी योजना सबका विकास" अभियान के अन्तर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर निरूपित किये जाने वाले ग्राम पंचायत विकास योजना (जी0पी0डी0पी0) में प्रस्तावित वृक्षारोपण को सम्मिलित कराया जाये।

- पूर्व वर्षों में कराये गये वृक्षारोपण से पूरित माइक्रोप्लान को अद्यावधिक कर लिया जाय तथा ग्राम पंचायतवार वर्षवार रोपित पौधों का विवरण ग्राम प्रधान द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर वृक्षारोपण पंजिका के रूप में संधारित किया जाय (प्रारूप-1 एवं प्रारूप-2 संलग्न)।

- माइक्रोप्लान के अन्तर्गत रोपित पौधों के रख-रखाव यथा- निराई-गुड़ाई, सिंचाई, मृत पौधों के स्थान पर नये पौधों का रोपण आदि तथा सुरक्षा हेतु तारबाड़/कैटिल प्रूफ ट्रेन्चिंग/ जैविक मेड़ बाड़ हेतु वित्तीय व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाय।

- प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्रामीणों की इच्छानुसार माइक्रोप्लानिंग में चिन्हित प्रजातियों के पौधों का पौधशालाओं में उपलब्धता सुनिश्चित की जाय तथा वृक्षारोपण की अग्रिम तैयारी समयबद्ध पूर्ण की जाय।

- वृक्षारोपण कार्य के तकनीकी स्वरूप को देखते हुये सम्बन्धित वन रक्षक को ग्राम पंचायत में माइक्रोप्लानिंग हेतु विशिष्ट आमंत्री के रूप में नामित किया जाय।

- माइक्रोप्लानिंग में महिलाओं को विशेष रूप से आमंत्रित कर उनकी इच्छानुसार भी प्रजातियों को लगाया जाय।

- ग्राम पंचायत को नोडल इकाई मानते हुये मनरेगा गाईडलाइन्स के अन्तर्गत वृक्षारोपण कार्य कराया जाय।

(ख) ग्रामीण क्षेत्रों में वृक्षारोपण हेतु तैयार की गई ग्राम पंचायतवार माईक्रोप्लान के अनुसार वन विभाग से भिन्न अन्य विभागों के लक्ष्यों की पूर्ति हेतु निम्नवत श्रेणियां बनायी गयी हैं :

(I) <u>श्रेणी 1 - माइक्रोप्लान में चिन्हित ऐसे कृषक/व्यक्ति जिनके द्वारा वृक्षारोपण</u>
(अ) स्वयं के संसाधन अथवा
(ब) औद्योगिक इकाईयों द्वारा उपलब्ध कराये गये संसाधनों से किया जायेगा
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा ऐसे वृक्षारोपण के संबंध में केवल अभिलेखीकरण (Documentation) का कार्य किया जायेगा।

(II) <u>श्रेणी 2- माइक्रोप्लान में चिन्हित ऐसे कृषक/व्यक्ति, जिन्हे उनकी इच्छा की प्रजाति के पौधे वन विभाग द्वारा उपलब्ध कराये जायेंगे तथा उनका रोपण उनकी भूमि पर ग्राम पंचायत द्वारा कराया जायेगा:</u>
माइक्रोप्लान में चिन्हित कृषक/व्यक्ति जो मनरेगा योजना के अन्तर्गत मनरेगा अधिनियम की अनुसूची-1 के पैरा-5 के अन्तर्गत उल्लिखित सूची में सम्मिलित हैं, उनकी इच्छा की प्रजाति के पौधे वन विभाग द्वारा उपलब्ध कराये जायेंगे तथा उनका रोपण उनकी भूमि पर ग्राम पंचायत द्वारा कराया जायेगा। इस श्रेणी के वृक्षारोपण में ग्राम्य विकास विभाग, पंचायतीराज विभाग, राजस्व विभाग, सहकारिता विभाग तथा श्रम विभाग के लक्ष्य सामान्यतः समायोजित होंगे।

(iii) श्रेणी 3- माइक्रोप्लान में चिन्हित ग्रामीण क्षेत्रों की सामुदायिक भूमि तथा अन्य राजकीय विभागों की भूमि पर वृक्षारोपण ग्राम पंचायत द्वारा कराया जायेगा तथा पौधे वन विभाग द्वारा आपूर्ति की जायेगी:
इस श्रेणी के वृक्षारोपण के सापेक्ष सामान्यतः ऐसे विभाग यथा। लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग, विद्युत विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, गृह विभाग तथा अन्य विभागों, जिनके अपने परिसर हों, उनके द्वारा कराये गये वृक्षारोपण से सम्बन्धित विभागों के लक्ष्य समायोजित होंगे।

(iv) श्रेणी 4- वन/उद्यान/रेशम विभाग द्वारा वृक्षारोपण:
(अ) वन विभाग द्वारा वन भूमि एवं सामुदायिक भूमि पर वृक्षारोपण किया जायेगा: इस श्रेणी के वृक्षारोपण में वन विभाग का लक्ष्य समायोजित होगा।
(ब) उद्यान विभाग एवं रेशम विभाग द्वारा उनके द्वारा चिन्हित भूमि पर वृक्षारोपण किया जायेगा: इस श्रेणी के वृक्षारोपण में उद्यान विभाग एवं रेशम विभाग के लक्ष्य समायोजित होंगे।

(स) सभी राष्ट्रीय राजमार्ग/राज्य मार्ग एवं यूपीडा द्वारा निर्मित राजमार्गों के किनारे छायादार वृक्ष लगाये जायें। लोक निर्माण विभाग द्वारा राजमार्गों के निर्माण की परियोजना में वृक्षारोपण का अवयव (Component) अनिवार्य रूप से सम्मिलित किया जाय।

7.3 शहरी क्षेत्रों में वृक्षारोपण की रणनीति :

- पूर्व वर्षों में कराये गये वृक्षारोपण के वृक्षित माइक्रोप्लान को अद्यावधिक कर लिया जाय तथा शहरी निकायवार वर्षवार रोपित पौधों का विवरण वृक्षारोपण पंजिका के रूप में संधारित किया जाय **(प्रारूप-2 संलग्न)।**

- माइक्रोप्लान के अन्तर्गत रोपित पौधों के रख-रखाव यथा- निराई-गुड़ाई, सिंचाई, मृत पौधों के स्थान पर नये पौधों का रोपण आदि तथा सुरक्षा हेतु सी0एस0आर0 /लाइनस्टेडी भी हेतु वित्तीय व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाय।

- प्रत्येक शहरी निकाय में वृक्षारोपण हेतु माइक्रोप्लानिंग में चिन्हित प्रजातियों के पौधों की पौधशालाओं में उपलब्धता सुनिश्चित की जाय तथा वृक्षारोपण की अग्रिम तैयारी समयान्तर्गत पूर्ण की जाय।

- शहरी क्षेत्रों में सघन वृक्षारोपण पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। अतः भूमि उपलब्धता के आधार पर सघन वृक्षारोपण किया जाय उदाहरणस्वरूप मियावाकी पद्धति से रोपण, अल्प घनत्व रोपण इत्यादि। इस कार्य हेतु वन विभाग का सक्रिय सहयोग लिया जाय।

- माइक्रोप्लानिंग में महिलाओं को भी विशेष रूप से आमंत्रित कर उनकी इच्छानुसार भी प्रजातियों को लगाया जाय।

- शहरी क्षेत्रों में वृक्षारोपण हेतु तैयार की गई नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर पंचायतवार माईक्रोप्लान में आवास विकास, नगर विकास, उद्योग, औद्योगिक विकास, रक्षा, रेलवे एवं परिवहन विभाग के लक्ष्य समायोजित होंगे।

व्यवस्था की जाय।

8. पौध रोपण की रणनीति :

वृहद स्तर पर पौधों के रोपण, विभाग/संस्था/व्यक्ति को वांछित प्रजाति के पौधों की ससमय आपूर्ति, वृक्षारोपण कार्य का अनुश्रवण, आदि कार्यों को निम्नानुसार संचालित कराया जाय :

- विगत वर्षों में रोपण की सफलता का स्तर मानक के अनुरूप सुनिश्चित करने हेतु वन विभाग का शासनादेश सं0-554/चौदह-5-2003-(5)(10)/93, दिनांक 10-07-2003 के अनुसार अधिकतम 10 प्रतिशत तक पौध रोपण कर बीटिंग अप (मृत/कमजोर पौधों के स्थान पर नवीन पौधों का रोपण) की कार्यवाही सभी सम्बन्धित विभागों द्वारा सुनिश्चित की जाये।
- वृक्षारोपण कार्यक्रम में सभी स्तर के स्थानीय जन प्रतिनिधियों का सहयोग एवं सहभागिता सुनिश्चित की जाये।
- व्यापक स्तर पर जन सहभागिता तथा समस्त सरकारी/गैर सरकारी संस्थाओं, सिविल सोसाइटी, NCC, NSS नेहरू युवा केन्द्र, युवक मंगल दल, महिला मंगल दल, Rotary/Rotract/Lions Club सभी व्यापार मण्डल, किसान उत्पादक संगठन (FPO) आदि की प्रतिभागिता के साथ वृक्षारोपण अभियान संचालित किया जाय।
- जनपद का माइक्रो प्लान तैयार किया जाय, जिसमें स्थलवार प्रतिभाग करने वाले जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न संस्थाओं/विभागों आदि के साथ-साथ नर्सरी से वृक्षारोपण स्थल तक पौध ढुलान योजना व इस से सम्बन्धित लॉजिस्टिक्स का विवरण सम्मिलित हो।

9. पौधों के रोपण की सूचना वन विभाग द्वारा प्राप्ति/संकलन के सम्बन्ध में प्रक्रिया :

वृहद स्तर पर किये जाने वाले पौधरोपण की सूचना के प्रदेश स्तर पर संकलन, त्रुटि रहित संकलन व प्रदर्शन हेतु आवश्यक है कि वृक्षारोपण स्थल से जिला स्तर पर स्थापित वन विभाग के प्रभागीय नियंत्रण कक्ष (कन्ट्रोल रूम) तक तथा वहाँ से प्रदेश के वन मुख्यालय स्थित कमाण्ड सेन्टर तक निर्धारित रूप से त्रुटि रहित सूचनाएं समय से प्राप्त हों। वन विभाग प्रदेश स्तर पर वृक्षारोपण हेतु नोडल विभाग है। अन्य राजकीय विभागों द्वारा जनपद स्तर पर नोडल विभाग/वन विभाग के प्रतिनिधि प्रभागीय वनाधिकारी/प्रभागीय निदेशक के स्तर तथा वन मुख्यालय तक पौध रोपण की सूचना की प्राप्ति हेतु निम्न व्यवस्था निर्धारित की जाती है :

- अन्य विभागों की ग्राम पंचायतवार/स्थलवार दिनांकवार रोपित की गयी पौध की स्थलवार लिखित सूचना वृक्षारोपण प्रारम्भ होने से समाप्त होने तक खण्ड विकास अधिकारी के द्वारा अपने हस्ताक्षर से जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी को प्रतिदिन प्रेषित की जाय।
- जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी द्वारा जनपद की संकलित सूचना प्रभागीय वन विभाग अधिकारी को प्रेषित की जाय।

* शहरों में वृक्षारोपण हेतु उपलब्ध भूमि के साथ-साथ सड़कों के किनारे "एक मार्ग-एक प्रजाति" के अनुसार फूलदार, छायादार एवं औषधाकारी प्रजाति के [illegible] (Avenue Based Avenue Plantation) कराने की

- मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उक्त सूचना को अपने हस्ताक्षर से जनपद में प्रभागीय वनाधिकारी/प्रभागीय निदेशक के कार्यालय में स्थापित नियंत्रण कक्ष (कन्ट्रोल रूम) को प्रेषित की जाय।
- जनपद के प्रभागीय वनाधिकारी/प्रभागीय निदेशक द्वारा उक्त सूचना वन विभाग के पी०एम०एस० पर तत्काल अपलोड करायी जाय, जिससे कि प्रदेश स्तर पर ही वृहद पौध रोपण की प्रगति वन मुख्यालय (लखनऊ) स्थित कमाण्ड सेन्टर पर उपलब्ध हो सके।
- प्रभागीय वनाधिकारी/प्रभागीय निदेशक द्वारा मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से प्राप्त संकलित सूचना से जिलाधिकारी को भी अवगत कराया जाये।

10. पौधों की उपलब्धता के लिए रणनीति :

प्रदेश में वर्ष 2024-25 में वृक्षारोपण हेतु पर्याप्त संख्या में पौधों की उपलब्धता आवश्यक होगी तथा प्रजाति विशेष के अनुसार एक वर्ष, दो वर्ष तथा तीन वर्ष के पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी होगी। इस हेतु निम्नानुसार कार्यवाही की जाय :

(1) निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप वृक्षारोपण के लिए आवश्यक पौधों का उगान नर्सरियों में किया जाय। पर्याप्त संख्या में इनकी उपलब्धता हेतु जिला वृक्षारोपण समिति बैठक करके रणनीति तैयार करेगी।

(2) वृहद स्तर पर उपयुक्त प्रजाति के पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु वन विभाग द्वारा पौधशालाओं (नर्सरी) का सुदृढ़ीकरण तथा आवश्यकतानुसार नयी पौधशाला की स्थापना की जाय।

(3) पौध उगान हेतु आधारभूत क्षमता तथा दक्ष मानव संसाधन वाले विभागों यथा उद्यान विभाग, रेशम विभाग, रक्षा विभाग, रेलवे विभाग, नगर विकास विभाग एवं आवास विकास विभाग द्वारा भी वृक्षारोपण लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु पौध तैयार करने की कार्यवाही की जाय। सम्बन्धित विभागों द्वारा तैयार की गई पौधों की सूचना भी वन विभाग द्वारा विकसित पोर्टल Nursery Management System (N.M.S.) पर अपलोड की जाय।

(4) निजी पौधशालाओं से पौधों का क्रय तभी किया जाय, जब प्रभागीय वनाधिकारी/प्रभागीय निदेशक द्वारा सम्बन्धित कार्यदायी विभाग को यह प्रमाण-पत्र उपलब्ध करा दिया गया हो कि उनके नियंत्रणाधीन विभागीय पौधशालाओं में पौध उपलब्ध नहीं है। यदि निजी पौधशाला से पौध क्रय की जाती है, तो वित्तीय नियमों का पूर्ण पालन किया जाय।

(5) निजी पौधशालाओं में उपलब्ध पौधों का सर्वेक्षण वन एवं वन्य जीव विभाग द्वारा किया जाय एवं जनपदों में निजी पौधशालाओं में उपलब्ध पौधों की पौधशालावार एवं प्रजातिवार सूचना संकलित करते हुए जिला वृक्षारोपण समिति को प्रस्तुत की जाय।

(6) पौधशालाओं से पौधों के वितरण हेतु "डायरेक्ट सैपलिंग ट्रांसफर" (डी०एस०टी०) के माध्यम से सम्बन्धित प्रभागीय वनाधिकारी/ निदेशक द्वारा क्यू०आर० कोडेड इंडेंट जारी किये जायें तथा इसी माध्यम से पौधों का वितरण किया जाय।

11. रोपित किये गये पौधों की जीवितता सुनिश्चित करने हेतु रोपण के पश्चात् आगामी 02 वर्षों अथवा पौधों के वृक्ष रूप में स्थापित होने तक सुरक्षा एवं रख-रखाव किया जाय। इस हेतु जिला वृक्षारोपण समिति द्वारा जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित मासिक बैठकों में विभागवार रोपण लक्ष्य के सापेक्ष रोपित पौधों की जीवितता का नियमित अनुश्रवण किया जाय।

12. वृक्षारोपण हेतु वित्तीय आवश्यकता :

(क) ग्रामीण क्षेत्र :

- श्रेणी 1- कोई वित्तीय व्यवस्था की आवश्यकता नहीं है।
- श्रेणी 2- वन विभाग एवं ग्राम्य विकास विभाग के संयुक्त विचार-विमर्श के उपरान्त मनरेगा श्रम बजट में ग्राम्य विकास विभाग के द्वारा वृक्षारोपण से सम्बन्धित समस्त क्रिया-कलाप यथा अग्रिम मृदा कार्य, पौधरोपण, अनुरक्षण आदि हेतु प्राविधान कराया जाय।
- श्रेणी 3- वन विभाग एवं ग्राम्य विकास विभाग के संयुक्त विचार-विमर्श के उपरान्त मनरेगा श्रम बजट में ग्राम्य विकास विभाग के द्वारा वृक्षारोपण से सम्बन्धित समस्त क्रिया-कलाप यथा अग्रिम मृदा कार्य, पौधरोपण, अनुरक्षण आदि हेतु प्राविधान कराया जाय।
- श्रेणी 4- वन विभाग तथा उद्यान व रेशम विभाग द्वारा अपने वित्तीय संसाधनों से वृक्षारोपण से सम्बन्धित समस्त क्रिया-कलाप यथा अग्रिम मृदा कार्य, पौधरोपण, अनुरक्षण आदि कराया जाय।

(ख) शहरी क्षेत्र :

सम्बन्धित विभागों द्वारा वृक्षारोपण अपने वित्तीय संसाधनों से वृक्षारोपण सम्बन्धित समस्त क्रिया-कलाप यथा अग्रिम मृदा कार्य, पौधरोपण, अनुरक्षण आदि कराया जाय।

13. जिला वृक्षारोपण समिति : जनपद स्तर पर प्रत्येक जनपद में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति गठित है, जिसके संयोजक सम्बन्धित जनपद के प्रभागीय वनाधिकारी/प्रभागीय निदेशक हैं तथा सभी कार्यदायी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी इसके सदस्य हैं। वृक्षारोपण की सफलता सुनिश्चित करने हेतु समिति का मुख्य दायित्व समन्वय, नियोजन एवं नियमित अनुश्रवण करना है। जिला वृक्षारोपण समिति जनपद में वृक्षारोपण कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार करेगी तथा समय से रणनीति तैयार कर जिले में आवंटित वृक्षारोपण लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति करेगी। जिला वृक्षारोपण समिति समस्त विभागों के निर्धारित वृक्षारोपण लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु नियमित रूप से समीक्षा बैठक कर वृक्षारोपण से सम्बन्धित तैयारियों एवं प्रगति का अनुश्रवण करेगी।

14. मण्डल स्तर पर मण्डलायुक्तों द्वारा भी वृक्षारोपण कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा नियमित रूप से की जायेगी।

15. वृक्षारोपण लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु समय सारणी :

(क) आवंटित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए निम्न समय-सारिणी के अनुसार जनपद स्तर पर समस्त कार्यदायी विभागों को सम्मिलित करते हुए जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक कराकर आवश्यक कार्यवाही की जाय तथा प्रत्येक कार्यदायी विभाग द्वारा आवंटित लक्ष्यों के अनुसार कार्ययोजना तैयार कर ली जाय। कार्ययोजना में वृक्षारोपण स्थल एवं स्थलवार रोपित किये जाने वाले पौधों का विवरण, पौधों की प्राप्ति के लिए स्रोत (पौधशाला चिन्हांकन) तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु उत्तरदायी अधिकारियों/कर्मचारियों के नाम आदि का विवरण स्पष्ट रूप से अंकित किया जाय।

(ख) लक्ष्य की प्राप्ति हेतु विभिन्न कार्यों के सम्पादन के लिए निम्नलिखित समय-सारणी निर्धारित है (01 अक्टूबर 2023 से 30 सितम्बर 2024 तक) :

(i)	जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक का आयोजन।	
(ii)	नर्सरी एवं वृक्षारोपण तैयारी की समीक्षा हेतु जनपद स्तर पर कण्ट्रोल रूम की स्थापना।	10 नवम्बर
	पौध तैयारी	
(i)	नई पौधशालाओं की स्थापना हेतु स्थल चयन व भूमि प्राप्त करना।	30 अक्टूबर
	पौध तैयारी हेतु बीज की व्यवस्था।	30 अक्टूबर
(ii)	पौध तैयारी हेतु मनरेगा से धनराशि प्राप्त करने हेतु डी0आर0डी0ए0 को योजना प्रस्तुत करना।	मनरेगा गाइडलाइन्स के अनुसार
(iii)	डी0आर0डी0ए0 द्वारा पौधशाला परियोजना की स्वीकृति एवं बजट अवमुक्त करना।	मनरेगा गाइडलाइन्स के अनुसार
(iv)	नर्सरी की स्थापना एवं अंकुरण क्यारियों में बीज बुवाई।	15 नवम्बर
(v)	थैला भराई, थैलों में बीज बुवाई/प्रीकिंग कार्य।	30 नवम्बर
(vi)	निराई, गुड़ाई, सिंचाई, ग्रेडिंग व स्थान परिवर्तन।	समय-समय पर यथा आवश्यक रोपण तक।
	अग्रिम मृदा कार्य व वृक्षारोपण	
(i)	माइक्रोप्लानिंग द्वारा वृक्षारोपण स्थलों का चिन्हीकरण, जियो टैगिंग, रोपित की जाने वाली प्रजातियों एवं उनकी संख्या का निर्धारण तथा ग्रामीण क्षेत्रों के सम्बन्ध में ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम पंचायत विकास योजना (जी.पी.डी.पी.) में वृक्षारोपण हेतु समावेश कराया जाना।	02 अक्टूबर से 31 दिसम्बर
(ii)	अग्रिम मृदा कार्य व वृक्षारोपण हेतु मनरेगा से धनराशि प्राप्त करने हेतु डी0आर0डी0ए0 को योजना प्रस्तुत करना।	मनरेगा गाइडलाइन्स के अनुसार
(iii)	डी0आर0डी0ए0 द्वारा अग्रिम मृदा कार्य व वृक्षारोपण परियोजना की स्वीकृति एवं बजट अवमुक्त।	मनरेगा गाइडलाइन्स के अनुसार
(iv)	अग्रिम मृदा कार्य (गड्ढा खुदान एवं सुरक्षा व्यवस्था सहित) (Manual, Augur and JCB Machine)	28 फरवरी
(v)	सिंचाई हेतु व्यवस्था-बोरिंग आदि।	15 मार्च

(vi)	स्थलवार वृक्षारोपण प्रबंधन प्लान का निरूपण।	31 मई
(vii)	गड्ढा भरान कार्य (कीटनाशक एवं खाद का उपयोग करें)।	31 मई
(viii)	वृक्षारोपण हेतु पौध की व्यवस्था - नर्सरी चिन्हांकन।	31 मई
(ix)	नर्सरियों से वन/अन्य विभाग के वृक्षारोपण क्षेत्र हेतु पौध आपूर्ति प्लान तैयार करना।	31 मई
(x)	पौध ढुलान हेतु सम्बन्धित विभाग द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना।	15 जून
(xi)	जनपद की स्वयं सेवी संस्थाओं से सम्पर्क कर वृक्षारोपण में अधिकतम जनसहभागिता।	15 जून
(xii)	प्रत्येक जनपद हेतु गणमान्य व्यक्ति यथा मा0 मंत्री/सांसद/ विधायक/जन प्रतिनिधि अथवा अन्य गणमान्य व्यक्ति से सम्पर्क कर उनसे वृक्षारोपण कराने की व्यवस्था।	15 जून
(xiii)	प्रत्येक रोपण स्थल पर Smart phone से latitude and longitude सहित फोटोग्राफी की व्यवस्था करना।	15 जून
(xiv)	पौधशालाओं से रोपण स्थल तक पौधे का ढुलान।	25 जून
(xv)	वृक्षारोपण से सम्बन्धित फोटोग्राफ्स् एवं अन्य अभिलेख प्रेषित करना तथा Best Performance with Innovative Ideas को इंगित करना।	31 अगस्त
(xvi)	वृक्षारोपण स्थलों का निरीक्षण एवं जीवितता का सत्यापन।	30 सितम्बर

16. वृक्षारोपण हेतु प्रजातियों का चयन-प्रजातियों के चयन हेतु प्रदेश के विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में मृदा एवं एग्रोक्लाइमेटिक जोन के अनुसार रोपित किये जाने वाली उपयुक्त वृक्ष प्रजातियों का विवरण परिशिष्ट-2 के रूप में संलग्न है। रोपित की जाने वाली प्रजातियों के सम्बन्ध में यह भी निर्देश दिये जाते हैं कि यथासम्भव स्थानीय प्रजातियों (Indigenous Species) के रोपण को प्राथमिकता दी जाय। परिशिष्ट-2 में उल्लिखित प्रजातियों के अतिरिक्त भी यदि मृदा/जलवायु अन्य प्रजातियों के लिए उपयुक्त हो, तो उनका भी रोपण किया जा सकता है। वृक्षारोपण में कम से 20 प्रतिशत फलदार पौधों का प्रत्येक दशा में रोपण सुनिश्चित करते हुए पीपल, नीम, इमली, जामुन, अर्जुन, पाकड़, बरगद आदि प्रजातियों के पौधों को प्रमुखता से शामिल किया जाय। पारिस्थितिकीय तंत्र विकास हेतु विभिन्न नयी प्रजातियां यथा चन्दन, काला शीशम, महोगनी, खजूर, गम्हार, आदि के पौधों के रोपण को भी प्रोत्साहित किया जाये।

17. वृक्षारोपण हेतु अन्तर्विभागीय समन्वय के लिये समीक्षा की प्रक्रिया:
इस हेतु निम्नानुसार कार्यवाही की जायेगी :

17.1 जिलाधिकारी द्वारा माइक्रोप्लान के आधार पर वृक्षारोपण सम्पन्न कराने हेतु जिला वृक्षारोपण समिति की नियमित बैठक का आयोजन किया जाय।

17.2 मण्डलायुक्त द्वारा माइक्रोप्लान के आधार पर वृक्षारोपण कार्यक्रम के क्रियान्वयन का नियमित अनुश्रवण किया जाय।

17.3 अपर मुख्य सचिव (पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग) के नेतृत्व में समस्त कार्यदायी विभागों के प्रमुख सचिव अथवा उनके द्वारा नामित प्रतिनिधियों की उपस्थिति में विभागवार वृक्षारोपण प्रगति की समीक्षा की जाय।

17.4 मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित समस्त जिलाधिकारियों व मण्डलायुक्तों की पाक्षिक/साप्ताहिक वीडियो कान्फ्रेंसिंग में वृक्षारोपण की विभागवार प्रगति की समीक्षा की जाय।

18. जियो-टैगिंग: वृक्षारोपण कार्य की प्रमाणिकता बढ़ाने हेतु शहरी क्षेत्रों में समस्त स्थलों की तथा ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत को इकाई मानते हुये जी0पी0एस0 के माध्यम से जियो-टैगिंग की जाय।

19. अनुश्रवण :

जिला वृक्षारोपण समिति द्वारा वृक्षारोपण के रख-रखाव पर विशेष बल दिया जाय। इस हेतु जिलाधिकारी द्वारा अपनी मासिक बैठक में विभागवार लक्ष्य के सापेक्ष रोपित पौधों की संख्या व उसकी सफलता का नियमित अनुश्रवण किया जाय। पौधारोपण के पश्चात् उनकी सफलता सुनिश्चित करने हेतु सुरक्षा, सिंचाई एवं समुचित रख-रखाव सुनिश्चित किया जाय।

(क) वृक्षारोपण कार्यों के स्थलीय सत्यापन हेतु व्यवस्था निम्न प्रकार होगी :

(1) वन एवं वन्य जीव विभाग द्वारा संचालित वृक्षारोपण अनुश्रवण पद्धति (Plantation Monitoring System-PMS) : वन एवं वन्य जीव विभाग द्वारा विकसित उक्त साफ्टवेयर के माध्यम से अनुश्रवण हेतु सभी विभागों द्वारा वृक्षारोपण कार्यों की प्रगति प्रतिदिन सक्षम स्तर को उपलब्ध करायी जाय, जिसका अनुश्रवण प्रतिदिन वन एवं वन्य जीव विभाग के कमाण्ड सेन्टर द्वारा किया जाय।

(2) वन एवं वन्य जीव विभाग के विभागीय वृक्षारोपणों का स्थलीय सत्यापन सम्बन्धित वन संरक्षकों द्वारा अन्तर्विभागीय जांच दलों से कराया जाय। विभागीय अनुश्रवण शाखा द्वारा भी प्रथम वर्ष व द्वितीय वर्ष के रोपण की सफलता का आंकलन रैण्डम सैम्पलिंग के आधार पर कराया जाय।

(3) अन्य विभागों द्वारा कराये गये वृक्षारोपण का स्थलीय सत्यापन एवं स्थलवार संधारित वृक्षारोपण गणना पंजिका का निरीक्षण जिलाधिकारी द्वारा जिला वृक्षारोपण समिति के माध्यम से अन्तर्विभागीय जांच समितियाँ गठित कर अथवा सेक्टर एवं जोनल अधिकारी नामित कर कराया जाय।

